पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने अशोक सिंघल के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 17 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने विश्व हिन्दू परिषद के संस्थापक श्री अशोक सिंघल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री अशोक सिंघल उनके पुराने परिचित थे। श्री सिंघल ने विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना की। विश्व हिन्दू परिषद को भारत के बाहर पहुँचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक भी थे। श्री सिंघल भारतीय संस्कृति के अनन्य पक्षधर थे जिन्होंने समाज सेवा को आजीवन अपना धर्म समझा। उनके निधन से देश ने एक राष्ट्रभक्त खो दिया है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की सद्गति की कामना करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।